कलेक्ट्रेट की पार्किंग में लगा है कूड़े का ढेर।

गंगा विहार कॉलोनी में जलभराव

# चार दिन में हो गई अभियान की 'सफाई'

## नगर निगम प्रशासन ने 16 अगस्त से 15 सितंबर तक चलाया था सफाई अभियान

■ एनबीटी संवाददाता, लखनऊ

मुख्य सचिव के निर्देश पर नगर निगम प्रशासन ने 16 अगस्त से 15 सितंबर तक शहर में विशेष सफाई अभियान चलाने का दावा किया। लेकिन अभियान खत्म होने के चार दिन बाद ही अफसरों को सुस्ती छा गई। अब हाल ये है कि आशियाना, आलमबाग, फैजुल्लागंज, त्रिवेणीनगर, खदरा, टुड़ियागंज और बीआईपी इलाकों में शुमार डालीबाग में भी सफाई और कूड़े के हटाने का काम बंद हो गया। फॉगिंग तो दूर की बात है, गंदगी का ढेर मच्छरों को दावत दे रहा है।

**अब कई इलाकों से कूड़ा उठना बंद**

### हाल-ए-सफाई

- आशियाना कॉलोनी : सेक्टर एल, सेक्टर के, सेक्टर एफ में तो हर सड़क पर कूड़े का ढेर लगा है।
- गोलमार्केट, पावर हाउस, बंगला बाजार, खरिका समेत कई इलाकों में सड़क किनारे या खाली प्लॉट में कूड़ा डंप हो रहा है।
- भोलाखेड़ा, कृष्णानगर समेत आलमबाग दूसरे इलाकों में भी यही स्थिति है।
- सरदार पटेल वार्ड की रेलवे कॉलोनी में रेलवे और नगर निगम के झगड़े के कारण चार महीनों से कूड़ा नहीं उठ रहा है।
- सचिवालय कॉलोनी में कूड़े की पटान से सुअरों ने डेरा जमाया।

## फॉगिंग डेंगू मच्छर पर बेअसर

**शहर में डेंगू से बचने के लिए क्या किया?**
हम सभी वार्डों में फॉगिंग करवा रहे हैं। रोस्टर के हिसाब से फॉगिंग हो रही है। इसका रोजाना अपडेट भी स्वच्छ भारत मिशन को भेजा जा रहा है। सफाई के लिए भी एक महीने तक विशेष अभियान चलाकर टनों कूड़ा निकाला गया।

**फॉगिंग सभी हिस्सों में नहीं नहीं हो पा रही है?**
ऐसा कहना गलत होगा। फॉगिंग ठीक ढंग से हो रही है, सभी इलाकों में सप्ताह में एक बार फॉगिंग का असर डेंगू के मच्छरों पर नहीं हो रहा है। यह एंटी लार्वा का छिड़काव नहीं होने से है। मलेरिया विभाग की लापरवाही से यह स्थिति है।

**अभियान चलाया पर शहर अब भी गंदा क्यों है?**
कई इलाकों में ऐसी शिकायतें आई हैं। मैंने खुद खड़े होकर राजाजीपुरम, राजेंद्रनगर, ऐशबाग के कई इलाकों में कूड़ा हटवाया है। नगर आयुक्त से कहा गया है कि वह निगरानी कर रिपोर्ट दें।

**गंदगी हटवाने के लिए आप क्या करेंगे?**
सफाई व्यवस्था के लिए निर्देश दिए हैं। इलाके में सफाई नहीं हुई है तो जोनल अधिकारी को फोन करें, न हो तो नगर आयुक्त को बताएं। लापरवाही पर कार्रवाई होगी। जलभराव वाले इलाकों से जल निकासी कराने के लिए कहा है।

**लापरवाही पर किसी की जिम्मेदारी कब तय करेंगे?**
सफाई के कामों की की रेग्युलर मॉनिटरिंग करने को कहा है। अगर लापरवाही की जा रही है तो जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई करेंगे।

## जोन 3 अधिकारी विनय प्रताप सिंह से बात

**फैजुल्लागंज में क्या किया?**
हम रेग्युलर फॉगिंग करवा रहे हैं, जहां पर डेंगू के मरीज मिले हैं। कोई भी गली ऐसी नहीं बची है, जहां पर फॉगिंग न हुई हो।

**सफाई अभियान का असर क्यों नहीं है?**
सफाई कर्मचारियों की कमी है, फिर भी हम प्रमुख इलाकों और चिह्नित किए गए इलाकों में सफाई करवा रहे हैं।

**कूड़ा उठ क्यों नहीं रहा है?**
कूड़े की कुछ समस्या है, इस बारे में अधिकारियों को बता दिया गया है। कुछ इलाकों से कूड़े की उठान नहीं हो रही है।

**जवाबदेही कैसे तय करेंगे?**
सभी सफाई कर्मचारियों की बैठक कर जरूरी निर्देश जारी किए हैं। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जरूरी हुआ तो सस्पेंशन की कार्रवाई की जाएगी।

# हाई कोर्ट ने फटकारा तो याद आई सफाई

### मेयर को चढ़ा बुखार

अलीगंज के गोयल चौराहे पर सोमवार को खुद मेयर को जाकर कूड़ा हटवाना पड़ा। लोगों की शिकायत को निगम अफसर नहीं सुन रहे थे। वहीं, शाम में कई जगह कूड़ा हटवाने के बाद खुद मेयर को भी फीवर आ गया। हालांकि डॉक्टर का कहना है कि उन्हें मौसमी बुखार है।